Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 19-12-2006

Participants : Jatiya Dr. Satyanarayan

>

Title: Regarding shortage of electricity and chemical fertilizers in the Madhya Pradesh.

डा0 सत्यनारायण जटिया (उज्जैन) : महोदय, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विाय उठाने के लिए अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। किसानों की मध्य प्रदेश में बहुत सी परेशानियां हैं। वहां यूरिया खाद की कमी है, कैमिकल फर्टिलाइजर नहीं मिल रहा है, बिजली की कमी है। निश्चित रूप से मध्य प्रदेश में जहां रबी की फसलों की सिंचाई के लिए, बिजली की कमी की तत्काल पूर्ति की आवश्यकता है, वहीं फसलों के लिए प्रदेश में यूरिया और रासायनिक खादों की भारी मांग की पूर्ति करने की आवश्यकता है। मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि यूरिया और रासायनिक खादों की तत्काल पूर्ति करें और बिजली की कमी को सेंट्रल पूल से पूरा करने में पूरी मदद करें। आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।